राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर,गुरुवार, 25 जून 2026
वर्ष 14, अंक 76, पृष्ट 04, मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

प्रशासनिक उदासीनता का फायदा उठा रहे रेत-मिट्टी के तस्कर, रातों-रात खोखली की जा रही जमीन...03

बहुत प्यार करती हूं, वापस आ जा..मंगेतर की हत्या के बाद सिया का ढोंग...04

## वेदना की घड़ी में पिघला शासक का दिल, कहा- अग्निकांड के दोषी बचेंगे नहीं, पीड़ितों को मिलेगा न्याय

कुछ घटनाएं पूरे समाज की चेतना को झकझोर देती हैं और इतनी पीड़ादायी होती हैं कि उनका दंश पूरी जिंदगी भर सालता है. ऐसे में जब कोई मुख्यमंत्री शासक की अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए भी एक अभिभावक की तरह लोगों के दुःख-दर्द पर अपने मर्म भरे हाथ रखता है, तो उसमें यह भाव भी होता है कि वेदना की इस घड़ी में मैं आपके साथ हूं और यह भाव जख्मों पर शीतल मरहम की तरह लोगों का संबल बन जाता है. लखनऊ के अलीगंज में आग से जलकर 15 बच्चों की मौत ऐसी पीड़ादायक घटना है, जिसकी भरपाई तो संभव नहीं लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे समय अपनी संवेदनशीलता का जो मानवीय स्पर्श व्यथित परिजनों को दिया, वह शासन का एक जिम्मेदार चेहरा है. सत्ता के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति जब लोगों की व्यथा में उनके साथ दिखाई देता है तो न्याय की उम्मीद भी बढ़ जाती है.

**पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प**

करुणा और कठोरता दोनों ही सुशासन के महत्वपूर्ण आयाम हैं. संवेदना यदि पीड़ित के घावों पर मरहम रखती है, तो कठोरता यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी दोषी बचे नहीं और पीड़ितों को न्याय मिले. लेकिन, यह तभी संभव है जब नेतृत्व संवेदनशील हो. लखनऊ में जिस समय यह घटना हुई, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे. भाषण चल रहा था, मंच सजा था, कार्यक्रम में उत्साह था और तभी उन्हें वह खबर मिली जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया.

**अस्पताल में पीड़ितों को देखने गए सीएम (PTI)**

उन्होंने पीड़ा भरे स्वर में मंच से कहा, मुझे आज अलीगढ़ में रुकना था लेकिन अभी-अभी लखनऊ में एक दुखद घटना की




जानकारी मिली है जिसमें कुछ बच्चों की अग्निकांड में मृत्यु हो गई है. मैंने अधिकारियों को वहां भेजा है और स्वयं भी तुरंत लखनऊ लौट रहा हूं. यह एक मुख्यमंत्री के भीतर के इंसान की आवाज़ थी, जो घटना से व्यथित था और अपनी जिम्मेदारियों को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रही था. उनका मंतव्य समझते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंच चुके थे और विह्वल थे. लखनऊ पहुंचते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे घटनास्थल पर गए और वहां का निरीक्षण किया. जब एक मुख्यमंत्री किसी घटना का संज्ञान लेकर खुद मैदान में उतरता है तो प्रशासनिक मशीनरी भी उतनी ही सक्रिय हो जाती है. वह घायलों को देखने केजीएमयू अस्पताल भी गए और मृतकों के परिजनों को को धीरज बंधाया. आश्वस्त किया कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे. ऑक्सीजन सपोर्ट पर अपना इलाज करा रही एक युवती से उन्होंने बात कर पूरी जानकारी ली. मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता की घोषणा की.

**पीएम ने भी दो-दो लाख रुपये देने का ऐलान किया**

शाम तक यह राशि शोक संतप्त परिवारों को सौंप भी दी गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पीएमएनआरएफ से दो-दो लाख रुपये देने का ऐलान किया. आर्थिक मदद से किसी का जीवन नहीं लौटता, लेकिन यह संदेश जरूर देता है कि व्यवस्था उदासीन नहीं है, आपके साथ है. रात में ही रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंच गए, जो इस बात का प्रतीक था कि चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, आपदा की स्थिति में लोगों को अकेला नहीं छोड़ती. राजनीति की परिभाषाएं बहुत हैं, लेकिन जब कोई राजनेता अपना कार्यक्रम बीच में छोड़कर, मंच से उठकर, दर्द की आग में जलते किसी परिवार के पास दौड़ता है और उनके आंसू पोंछता है तो सारी परिभाषाएं धूमिल पड़ जाती हैं. रह जाती है सिर्फ मनुष्यता की परिभाषा. लेकिन इसके साथ ही प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन भी जरूरी है. आधी रात तक मुख्यमंत्री के आवास पर उच्चस्तरीय बैठकें चलती रहीं. लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया. बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला सहित चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. अलीगंज थाने में छह नामजद अभियुक्तों समेत अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई. अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और अपर पुलिस महानिदेशक प्रवीण कुमार की दो सदस्यीय एसआईटी गठित की गई, जिसे सात दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया. इसका संदेश दूर तक गया. कानपुर में फिजिक्स वाला सहित 22 कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया. प्रदेश में हर कोचिंग संस्थान जाकर इस बात की पड़ताल शुरू हो गई कि वहां बच्चों के लिए क्या सुरक्षा उपाय हैं. भविष्य की त्रासदियों को रोकने के लिए भी यह जरूरी है.

**दोषी लोगों को कठोर दंड का संकल्प**

अलीगंज अग्निकांड को लेकर सीएम योगी की गंभीरता का अहसास इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अगले दिन के अपने सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए. उम्मीद है कि एसआईटी भी अपनी जांच को पूरी गंभीरता से अंजाम देकर इस अग्निकांड के लिए दोषी लोगों को कठोर दंड दिलाना सुनिश्चित कराएगी. ऐसा होने पर नियम-कानूनों की अवहेलना करने वालों और उनको प्रश्रय देने वालों तक शासन का कठोर संदेश पहुंचेगा. इससे होने वाले संभावित हादसों को भी रोका जा सकेगा, ताकि किसी और बच्चे या निर्दोष की जान न जाए. सत्ता के गलियारों में अनेक नेता आते हैं. वादे करते हैं, लेकिन जो नेता दर्द की आग के पास जाकर खड़ा होता है, लोग उसे ही याद रखते हैं. सरकार की संवेदनशीलता तब पूरी होती है, जब वह आंसू पोंछने के बाद उस वातावरण को भी समाप्त करे जो इन आंसुओं का कारण बना. सुरक्षा एक स्थायी प्रतिबद्धता है.

**रोती हुई मां के सिर पर हाथ रखा**

जो चला जाता है, वह लौटता नहीं, यह कठोर सच है लेकिन जब एक मुख्यमंत्री रोती हुई मां के सिर पर हाथ रखता है, अस्पताल में बिस्तर पर पड़े बच्चे का हाथ थामता है, तो एक असहाय परिवार को भरोसा मिलता है. यही वह विश्वास का धागा है, जो सरकार और जनता के बीच बंधा होता है और जिसकी मजबूती लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है.

## 6 महीने और 238 घंटे बात.... सिया और चेतन की प्रेम कहानी का पुलिस ने पेश किया सबूत; केतन हत्याकांड में अब तक क्या-क्या हुआ

पुणे के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड में हर दिन नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं. जिस मौत को पहले हादसा माना गया था, वह अब एक कथित प्रेम प्रसंग, साजिश और सुनियोजित कोल्ड ब्लडेड हत्या का मामला बन चुका है. पुलिस के मुताबिक, केतन अग्रवाल की मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी ने मिलकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया. दोनों आरोपियों को पुणे की वडगांव मावल कोर्ट ने 29 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. 18 जून को पुणे जिले के लोणावला स्थित लोहागढ़ किले पर 26 वर्षीय केतन अग्रवाल की 400 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई थी. शुरुआत में इसे दुर्घटना माना गया था, लेकिन जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस को कई ऐसे सबूत मिले, जिन्होंने पूरे मामले की दिशा बदल दी. पुलिस के अनुसार, केतन अग्रवाल की शादी पुणे के मार्केट यार्ड क्षेत्र के एक कारोबारी परिवार की बेटी सिया गोयल से तय हुई थी.

**शादी की तैयारियों में जुटे थे परिवार वाले**

दोनों परिवार वाले शादी की तैयारियों में जुटे थे. जयपुर में भव्य शादी की योजना बनाई गई थी और इसके लिए विशेष विमान तक बुक किए गए थे. इस शादी के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जाने थे. शॉपिंग शुरू थी,ज्वेलरी दुल्हन और दूल्हे के फाइनल किए जा चुके थे. जांच में सामने आया कि सिया गोयल और चेतन चौधरी के बीच पिछले कई महीनों से प्रेम संबंध थे. पुलिस का दावा है कि दोनों के बीच छह महीने में 2000 से अधिक फोन कॉल और करीब 238 घंटे बातचीत हुई.

**प्लानिंग के तहत केतन की हत्या**

जांच एजेंसियों के मुताबिक, सिया शादी नहीं करना चाहती थी और इसी वजह से उसने अपने प्रेमी चेतन के साथ मिलकर केतन को रास्ते से हटाने की साजिश रची.





पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि कथित तौर पर 14 जून को भी केतन को मारने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह प्रयास सफल नहीं हो पाया. इसके बाद 18 जून को सिया ने केतन को घूमने के बहाने लोहागढ़ किले पर बुलाया. पुलिस का आरोप है कि पहले से तय योजना के तहत चेतन चौधरी भी वहां मौजूद था.

**CCTV फुटेज से हुआ बड़ा खुलासा**

सीसीटीवी फुटेज में एक युवक हुडी, फेस मास्क और कान ढकने वाले उपकरण पहनकर किले पर जाते हुए दिखाई दिया. जांच के दौरान उसकी पहचान चेतन चौधरी के रूप में हुई. पुलिस का दावा है कि किले पर एक सुनसान और खतरनाक स्थान चुना गया था, जहां से केतन को खाई में धक्का दिया गया. जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है. पुलिस के अनुसार, सिया गोयल केतन के साथ विदेश यात्रा पर नहीं जाना चाहती थी.

**जांच में हुए चौंकाने वाले खुलासे**

जांचकर्ताओं का दावा है कि जून महीने में बाली ट्रिप से पहले उसने कथित तौर पर केतन का पासपोर्ट फाड़कर फ्लश कर दिया था, ताकि यात्रा रद्द हो जाए. पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि वारदात से पहले सिया और चेतन ने एक कैफे में मुलाकात की थी. जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि क्या दोनों ने इंटरनेट और गूगल के जरिए हत्या की योजना से जुड़ी जानकारी जुटाई थी. सोमवार को दोनों आरोपियों को वडगांव मावल कोर्ट में पेश किया गया. बचाव पक्ष के वकील ने अदालत में दावा किया कि यह हत्या नहीं बल्कि एक दुर्घटना थी और केतन की मौत पैर फिसलने के कारण हुई. हालांकि, पुलिस ने अदालत के सामने तकनीकी सबूत, कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और अन्य जांच सामग्री पेश की. इसके बाद कोर्ट ने सिया गोयल और चेतन चौधरी को 29 जून तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया. पुलिस जांच में सामने आया है कि चेतन चौधरी पुणे के मार्केट यार्ड इलाके में कारोबार करता है.

**एक अच्छा क्रिकेट खिलाड़ी बना हत्यारा**

वह कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया, लेकिन स्थानीय स्तर पर एक अच्छा क्रिकेट खिलाड़ी माना जाता है. उसके घर में क्रिकेट की कई ट्रॉफियां भी मौजूद हैं. फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस कथित हत्या की योजना कब और कैसे बनाई गई तथा इसमें कोई और व्यक्ति शामिल था या नहीं. एक तरफ शादी की तैयारियां, दूसरी तरफ कथित प्रेम संबंध और फिर हत्या की साजिश. पुणे का केतन अग्रवाल हत्याकांड अब महाराष्ट्र के सबसे चर्चित मामलों में शामिल हो गया है. पुलिस जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस केस में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है.

## संक्षिप्त ख़बरें

### सेंट्रल विस्टा को मिलेगी नई रफ्तार, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बनेगा दिल्ली मेट्रो का पहला ट्रिपल इंटरचेंज हब



नई दिल्ली के सत्ता और प्रशासनिक केंद्र तक पहुंच अब और आसान होने जा रही है. दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) ने आज बुधवार से सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के तहत सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया. यह स्टेशन तैयार होने के बाद दिल्ली मेट्रो का एक अहम ट्रिपल इंटरचेंज हब बन जाएगा, जहां मैजेंटा, येलो और वायलेट लाइन एक-दूसरे से जुड़ेंगी. यह परियोजना डीएमआरसी के फेज-5 (A) का हिस्सा है, जिसके तहत जनकपुरी वेस्ट से आरके आश्रम मार्ग तक मैजेंटा लाइन का विस्तार किया जा रहा है. केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आने वाले सेंट्रल विस्टा मेट्रो कॉरिडोर के हिस्से के तौर पर सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद खट्टर ने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक क्षण है. यह दिल्ली के कई हिस्सों को जोड़ेगा. यह करीब 9 किलोमीटर की लाइन है. इससे लाखों यात्रियों को फायदा होने वाला है. '

**सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर में पड़ेंगे 9 स्टेशन**

करीब 9.9 किलोमीटर लंबे पूरी तरह भूमिगत सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर में कुल 9 स्टेशन (शिवाजी स्टेडियम, युगे-युगेन भारत, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल-हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ) होंगे. इस कॉरिडोर की सबसे बड़ी खासियत सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्टेशन होगा, जहां पहली बार एक ही स्थान पर 3 मेट्रो लाइनें आपस में जुड़ेंगी. इस परियोजना से रोजाना हजारों सरकारी कर्मचारियों, वकीलों, पर्यटकों और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा. साथ ही नई दिल्ली के सबसे व्यस्त इलाकों में सड़क यातायात का दबाव भी कम होने की उम्मीद है.

## आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह कल SIT से मिलेंगे, राम मंदिर चढ़ावा मामले में सौंपेंगे सबूत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में नई जानकारी सामने आई है. आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को एसआईटी ने गुरुवार सुबह 11 बजे का समय दिया है. वो विजय विश्वास पंत से मुलाकात कर मामले से जुड़े सबूत सौंपेंगे. बताया जा रहा है कि संजय सिंह 20 जून से SIT से मिलने का समय मांग रहे थे. हाल ही में लगाए गए आरोपों के बाद एसआईटी ने उन्हें बुलाया है. अब इस मुलाकात को जांच के लिए अहम माना जा रहा है. एसआईटी से मुलाकात का समय मिलने पर सांसद संजय सिंह ने एक वीडियो जारी किया है. इसमें उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम जी के मंदिर में हुए चढ़ावा और चंदा चोरी की जांच करने वाली एसआईटी ने 25 जून को सुबह 11 बजे लखनऊ मंडलायुक्त कार्यालय पर मुझे बुलाया है. मैं जमीन घोटाले से संबंधित सारे दस्तावेज एसआईटी के अध्यक्ष को सौंपूंगा.

**आखिर चंदा चोर अभी तक ट्रस्ट में कैसे हैं?**



इससे पहले एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने लिखा था, 2 करोड़ की जमीन 18.5 करोड़ में, 3 करोड़ की जमीन 24 करोड़ में, 9 करोड़ की जमीन 55.47 करोड़ में चंपत राय ने खरीदी. सारे सबूत मेरे पास हैं. मुझे आज तक एसआईटी ने मिलने का समय नहीं दिया. आखिर चंदा चोर अभी तक ट्रस्ट में कैसे हैं? ट्रस्ट मोदी ने बनाया, लूट का माल बीजेपी को पहुंचा. बीजेपी उसी पैसे से देशभर में सांसद विधायक खरीद रही है. यही कारण है मोदी जी अब तक चंदा चोरी पर खामोश हैं.

**निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग**

इसी मामले में एक अन्य पोस्ट में उन्होंने 21 जून को लिखा, भगवान श्रीराम के दानपात्र में हुए दान घोटाले के विरोध में AAP के कार्यकर्ताओं ने भिक्षाटन कर अपना विरोध दर्ज कराया. वाराणसी में जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल के नेतृत्व में जनता से ?420 का प्रतीकात्मक सहयोग एकत्र कर चंपत राय को चेक भेजा और दान की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई. साथ ही चंपत राय और इस पूरे मामले में शामिल लोगों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई.

## अयोध्या में जो हुआ वो महापाप, आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी को लेकर अखिलेश यादव ने जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में जो हुआ वो महापाप हुआ. आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा. लखनऊ अग्निकांड पर समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि लखनऊ के अलीगंज घटना में बच्चों की जान बचाई जा सकती थी. अगर समय पर सभी सुविधाएं मौजूद होतीं और पहले से ध्यान दिया गया होता. राम मंदिर में चंदे चोरी को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश, देश भर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो चढ़ावा आता है, यह सनातनी परंपरा है. अगर परंपरा पर अगर सवाल उठता है तो यह सही नहीं है, यह बहुत ही सेंसेटिव मुद्दा है.

**SIT का मतलब Share in theft: अखिलेश**

आयोध्या में चढ़ावे में चोरी क्या प्रशासन की नाकामी है, के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा, 'स्ढ्ढञ्ज का मतलब क्या हुआ, Share in theft? यह



विश्वास में सेंध हैं. ये महापाप हुआ है. आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ है. 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के P ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग 2026 और इन्वेस्टर रोड शो में हिस्सा लेने के लिए बेंगलुरु जाने को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ लाखों लाख एकड़ जमीने न जाने किसको दी जा रही हैं. अब बेंगलुरु में इन्वेस्टमेंट करने जा रहे हैं. ये बेंगलुरु में डोसा खाने जा रहे हैं. जब सरकार जानी है तो इन्वेस्टमेंट कौन लेकर आएगा.

**सभी सुविधाएं मौजूद होतीं तो कांड नहीं होता: अखिलेश**

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग जंगल को खत्म करने वाले लोग हैं. इन्वेस्टमेंट आया होता तो क्या नौकरी रोजगार नहीं होता. लखनऊ अग्निकांड पर अखिलेश यादव ने कहा, 'अलीगंज घटना में बच्चों की जान बचाई जा सकती थी, अगर समय पर सभी सुविधाएं मौजूद होतीं और पहले से ध्यान दिया होता तो यह कांड नहीं हुआ होता. सरकार अगर पहले जाग गई होती तो यह सब नहीं होता. महाकुंभ में कितनी बार आग लगी, लेवाना होटल में आग लगी तब सरकार ने कहा कि 24 घंटे में बुलडोजर चल जाएगा, लेकिन अपना होटल था तो बुलडोजर नहीं चला सके. उन्होंने कहा कि जो सरकार अकबर नगर के हजारों लोगों को हटा सकती है तो पिछले 10 सालों में सरकार कर क्या रही थी. सरकार की जिम्मेदारी थी सही समय पर चीजें की गई होती तो बच्चों की जान बचाई जा सकती थी. उन्होंने कहा कि आग लगने के बाद इनके पास दीवार तोड़ने के लिए औजार तक नहीं है. आग के बजाय दम घुटने से ज्यादा लोगों की जान गई.

## कुत्तों से कटवाया, कोड़े मारे गए'मुजफ्फरनगर घटना पर राहुल गांधी का सरकार पर हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

'लोकसभा सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी की गंभीर घटना पर गहरी चिंता जताई है. सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने इस पूरी घटना को 'मानवीय गरिमा पर हमला' बताया. अपने इस पोस्ट में राहुल गांधी ने मजदूरों की इस हालत के पीछे सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'मुजफ्फरनगर में मजदूरों से बंधुआ मजदूरी कराने का मामला बेहद चौंकाने वाला है. बिना मजदूरी दिए काम करवाने के अलावा, मजदूरों को कुत्तों से कटवाया गया, भाले से गोदा गया, कोड़े मारे गए, और उन्हें मवेशियों का चारा खिलाया गया. यह इंसानी गरिमा पर हमला है. पीड़ितों को न्याय के साथ पुनर्वास और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

**सरकार की योजनाओं पर सवाल**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे कहा, साथ ही हमें यह भी पूछना जरूरी है कि मजदूर ऐसी खतरनाक परिस्थितियों में किन मजबूरियों में फंस जाते हैं. उन्होंने सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब रोजगार खत्म हो जाते हैं, आमदनी ठहर जाती है, और सबसे कमजोर वर्गों के लिए बने मनरेगा और श्रम कानूनों जैसी सुरक्षाएं कमजोर कर दी जाती हैं, तो हताशा बढ़ती जाती है. जिन लोगों के पास कोई और विकल्प या सुरक्षा नहीं होती, वो ऐसे शोषण का आसान शिकार बन जाते हैं.

**यह घटना धराशाई हुई अर्थव्यवस्था का मलबा**

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आगे कहा, यह कोई आम आपराधिक घटना नहीं है. यह एक धराशाई हुई अर्थव्यवस्था का मलबा है. राहुल ने इस घटना को लेकर सरकार पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने सवाल उठाया है कि आखिर मनरेगा और श्रम कानूनों जैसी सुरक्षाएं कहां गई हैं.

**क्या है पूरा मामला?**

उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जनपद के मांडी गांव स्थित एक दोना निर्माण फैक्टरी में कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पुलिस ने छापेमारी कर 12 मजदूरों को बंधनमुक्त कराया है. पुलिस ने फैक्टरी संचालक अंकित बालियान के पिता प्रदीप बालियान और सुपरवाइजर शिवा त्यागी को गिरफ्तार किया है. मुख्य आरोपी अंकित बालियान और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं, ये ट्रैवल डॉक्यूमेंट भारत के विदेश मंत्रालय का बयान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अगर आप पासपोर्ट को नागरिकता का सबूत समझते हैं तो विदेश मंत्रालय का ताजा बयान पढ़ लेना चाहिए. विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने दो टूक कहा है कि पासपोर्ट मुख्य रूप से यात्रा का दस्तावेज है, नागरिकता का सबूत नहीं. उन्होंने ये भी बताया कि 2025 में 1.5 करोड़ पासपोर्ट और उससे जुड़ी सेवाएं दी गई, जिनमें से अकेले पासपोर्ट की संख्या 1.39 करोड़ थी. मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि पुलिस वेरिफिकेशन को छोड़कर, पासपोर्ट के लिए छह कामकाजी दिन लगते हैं. PSK (पासपोर्ट सेवा केंद्र) और POPSK (डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र) में 45 मिनट से भी कम समय लगता है. देश भर में 545 पासपोर्ट केंद्र हैं. जबकि 10 साल पहले सिर्फ 77 पासपोर्ट केंद्र थे. केंद्रों की संख्या में छह गुना बढ़ोतरी हुई है. हमने पिछले साल 10 POPSK खोले थे. इस साल 10 और खोले जाएंगे.

**मंत्रालय ने और क्या बताया?**

अधिकारी ने कहा कि भारतीयों के लिए वीजा-फ्री एंट्री वाले देशों की संख्या 27 है,



जो 2019 में 16 थी. 47 देशों में भारतीयों के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा है और 66 देश भारतीयों को इलेक्ट्रॉनिक वीजा देते हैं. ज़्यादातर यूरोप के साथ मोबिलिटी एग्रीमेंट (आवाजाही से जुड़े समझौते) किए गए हैं. ये एकेडमिक्स, छात्रों, अप्रेंटिस, आम पर्यटकों और कारोबारियों की आसान आवाजाही में मदद करते हैं. साथ ही ये गैर-कानूनी प्रवासियों की आसानी से वापसी के लिए एक सिस्टम भी बनाते हैं.

**क्या कहता है कानून?**

अगर आपका जन्म 1 जुलाई 1987 के बाद हुआ है तो यह साबित करने के लिए कि आप भारतीय नागरिक हैं, इसके लिए सिर्फ जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट या आधार कार्ड काफी नहीं हो सकता है. कानून के अनुसार, 1 जुलाई 1987 के बाद भारत में पैदा हुआ कोई व्यक्ति तब तक अपने-आप नागरिकता का दावा नहीं कर सकता, जब तक कि उसके माता-पिता में से कम से कम एक भारतीय न हो. साल 2013 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मामले में 4 लोगों को राहत देने से इनकार कर दिया था. इन पर अवैध प्रवासी होने का आरोप था, भले ही इन्होंने यह साबित करने के लिए पासपोर्ट (जो बाद में रद्द कर दिए गए थे), आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र पेश किए थे कि वे भारतीय हैं. जस्टिस केयू चंडीवाल ने उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा, कानून के तहत ऐसे आवेदक के लिए यह साबित करना जरूरी है कि उसके माता-पिता भारतीय नागरिक थे. ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया गया है. कानून के तहत, अगर किसी व्यक्ति का जन्म 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद लेकिन 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, तो वह जन्म से भारतीय है. अगर किसी व्यक्ति का जन्म जुलाई 1987 के बाद हुआ है तो वह नागरिकता का दावा तभी कर सकता है जब उसके माता-पिता में से कोई एक नागरिक हो.

# संक्षिप्त खबरें

## चंडीगढ़ के विकास कार्यों को लेकर नगर निगम कमिश्नर से महत्वपूर्ण बैठक



**चंडीगढ़-** आज आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल सिंह जी एवं नेता प्रतिपक्ष हरदीप बुतरेला जी के नेतृत्व में पार्टी के पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात कर शहर के विभिन्न वार्डों में लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। बैठक के दौरान सड़कों की मरम्मत, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स, पार्कों के रखरखाव तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने वार्डों से संबंधित लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर काउंसलर योगेश ढींगरा जी, काउंसलर मुनव्वर जी, काउंसलर जसविंदर कौर जी, पूर्व मेयर कुलदीप कुमार जी सहित आम आदमी पार्टी के कई पार्षद एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष विजय पाल सिंह ने कहाआम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान और चंडीगढ़ के विकास के लिए निरंतर संघर्षरत है तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

## दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस का महा-अभियान,12 हजार से गाड़ियों ज्यादा का चालान; 110 पर की एफआईआर

**दिल्ली।** दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने, सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने और आम जनता से जुड़ाव बढ़ाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी में एक हफ्ते के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से सड़कों पर उतरकर सघन गश्त की। अधिकारियों ने खुद मौके पर मौजूद रहकर यातायात व्यवस्था की निगरानी की। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की और स्थानीय समस्याओं को समझने के लिए जनता से संवाद किया। अभियान के दौरान विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए 12,617 वाहनों के चालान काटे गए, सड़कों को ब्लॉक करने वाले और जाम का कारण बनने वाले 1,596 अवैध रेहड़ी-पटरी व अतिक्रमण को हटाया गया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक विजयंता गोयल आर्या का कहना है कि इस दौरान कानूनी प्रावधानों का पालन न करने पर 81 वाहनों को जब्त भी किया गया। उल्टी दिशा में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 110 एफआईआर दर्ज की गई और 15,000 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। गाड़ियों पर अनधिकृत रूप से टिंटेड ग्लास (काले शीशे) लगाने के लिए 955 वाहन मालिकों को चालान जारी किए गए, जबकि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 567 चालकों पर कार्रवाई की गई। गलत पार्किंग को लेकर सबसे बड़ी कार्रवाई की गई, जिसके तहत 48,472 चालान काटे गए और 3,922 वाहनों को क्रेन से टो किया गया।

## अरविंद केजरीवाल अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी को लेकर चंपत राय पर बरसे



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी मामले में एक बड़ा सवाल उठाया है। केजरीवाल ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर को लेकर पूछा है कि मंदिर का पूरा प्रबंधन और अधिकार उनके पास है, फिर भी इतनी बड़ी चोरी होने के बावजूद उन्हें पद से हटाया क्यों नहीं गया। एक्स पर वीडियो जारी कर आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा है कि मंदिर से करोड़ों रुपये के चढ़ावे चोरी हो गए हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि सिर्फ नकदी ही करीब 200 करोड़ रुपये चोरी हुई है और इसके अलावा आभूषणों से भरे कई बॉक्स भी गायब हैं। उन्होंने कहा कि हर राम भक्त इस घटना से बेहद दुखी और आहत है। केजरीवाल ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मंदिर का पूरा प्रबंधन और अधिकार उनके पास है, फिर भी इतनी बड़ी चोरी होने के बावजूद उन्हें हटाया नहीं गया है। केजरीवाल ने पूछा कि क्या उन्हें सबूत मिटाने और गवाहों को प्रभावित करने का समय दिया जा रहा है और उन्हें कौन बचा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कई लोगों से बात की है और सभी इस मामले में जवाब मांग रहे हैं। यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में है। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से अभी तक केजरीवाल के इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच केजरीवाल शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था, 'अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से हर सनातनी बेहद दुखी है।

# बहुत प्यार करती हूं, वापस आ जा..मंगेतर की हत्या के बाद सिया का ढोंग

● **मंगेतर की हत्या करने के बाद सिया ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट किया. सिया ने लिखा कि वो केतन से बहुत प्यार करती है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस ने सबको हैरान कर दिया है. केतन की मंगेतर सिया गोयल ने पहले उसे बर्थडे सरप्राइज के बहाने से लोहगढ़ किले पर बुलाया और फिर 400 फीट गहरी खाई में धक्का दे दिया. इस वारदात में सिया का प्रेमी चेतन चौधरी भी साथ था। सिया और केतन की फरवरी में सगाई हुई थी और दोनों नवंबर में शादी करने वाले थे. शादी के लिए उदयपुर में महल और प्राइवेट जेट बुक किया था. अपने मंगेतर की हत्या करने के बाद सिया ने पुलिस और परिवार को गुमराह किया. उसने सबसे झूठ बोला. इतना ही नहीं सिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर केतन के लिए पोस्ट भी किया. इस पोस्ट में उसने लिखा कि जब मैं तुमसे इतना प्यार करती थी तो तुमने मुझे क्यों छोड़ दिया. वापस लौट आओ।

**सिया ने इंस्टाग्राम पर किया इमोशनल पोस्ट**

केतन के पिता ने बताया कि सिया ने प्री-बर्थडे सरप्राइज का बहाना देकर उसे किले पर बुलाया था. 19 जून को सिया का जन्मदिन था. इससे एक दिन पहले यानी 18 जून को सिया ने केतन को खाई में धक्का दे दिया. केतन की मौत के बाद सिया ने शोक जताने के लिए इंस्टाग्राम पर इमोशनल स्टोरी शेयर की. इस पोस्ट में सिया ने लिखा कि अचानक कैसे चले गए. अब इस इंस्टाग्राम स्टोरी का स्क्रीनशॉट जांच का हिस्सा बन गया है। इस पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी शामिल थी जिसमें केतन कार की अगली सीट पर पीछे मुड़कर किसी से बात करते हुए दिखाई दे रहे थे और उसके बाद एक रोमांटिक गाने पर दोनों को डांस करते हुए दिखाया गया था। **'इस स्टोरी में सिया ने लिखा, 'मेरे दिल को पता है कि तू यहीं है. वापस आ जा'**


**सिया ने पुलिस को फोन करते दी थी घटना की जानकारी**

न्यूज एंजेसी IANS के अनुसार, एसपी पुणे ग्रामीण संदीप सिंह गिल ने कहा कि 18 जून को सिया गोयल और केतन अग्रवाल, लोहागढ़ किले में घूमने के लिए गए थे. वहां से तकरीबन 10:30 या 10:45 बजे के आसपास सिया गोयल ने फोन करके बताया कि केतन अग्रवाल फिसल के गिर गया और उसकी लोहगढ़ किले से नीचे गिरने से मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही वहां के सिक्योरिटी गार्ड, पुलिस, लड़की और मृतक के घर वाले घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस स्टेशन में उसी दिन केस दर्ज किया गया. मामला दाखिल करने के बाद आगे जो जांच की गई, उसमें कुछ ऐसी बातें हमारे सामने आई, जिससे घटना को लेकर संशय पैदा हो गया. मृतक के रिश्तेदारों और दोस्तों से हुई बातें एवं पुलिस जांच में समझ आया कि इस तरह की घटना अचानक से होना बहुत ज्यादा संभावित नहीं है, खासकर उस लड़के के साथ जो अक्सर ट्रेकिंग करता था. पुलिस ने बताया कि लड़के ने काफी ट्रेकिंग की थी. जांच के इन सभी पहलुओं के आधार पर मामले की संदिग्धता और बढ़ गई।

**तन के साथ मिलकर दिया केतन को धक्का**

उन्होंने बताया कि इसके बाद हमें अपने कुछ गोपनीय सूत्र और मामले को लेकर की गई आगे की जांच में पता चला कि सिया गोयल का चेतन चौधरी नाम का एक दोस्त है. पुलिस ने बताया कि सिया के परिवार का काम मार्केट यार्ड में है, उधर ही चेतन की भी दुकान है। उन्होंने आगे बताया कि इन दोनों के बीच आपस में कुछ एक साल के आसपास से पहचान थी. इन दोनों ने ही केतन अग्रवाल की हत्या को लेकर योजना बनाई थी और उसी के तहत इस घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने बताया कि लोहागढ़ किले पर इन्होंने केतन अग्रवाल को धक्का दिया, जिससे वह नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई. उन्होंने बताया कि इस केस हत्या का मुकदमा दर्ज कर सिया और चेतन को हिरासत में लिया गया. दोनों ने पूछताछ के दौरान अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# बिंद्रा कॉलोनी में अवैध बिल्डिंग निर्माण को लेकर नगर निगम की कार्यवाही एक बार फिर से सवालों के घेरे में





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** बिंद्रा कॉलोनी में बनी इल्लीगल बिल्डिंग जिसका न तो निगम से नक्शा पास है और इतना ही नहीं इस बिल्डिंग की मालिकी भी सवालों के घेरे में है, इसके बावजूद इस बिल्डिंग पर जहां निगम का सीधे डिमोलिशन का एक्शन लेना बनता था, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की ओर से उक्त बिल्डिंग मालिक को डिमोलिशन का नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन निगम की ओर से नोटिस जारी होने के बाद ये चर्चा छिड़ गई है कि नगर निगम अब इस नोटिस के तहत अपना एक्शन पहले लगा था या अवैध बिल्डिंग मालिक इस डिमोलिशन के खिलाफ हाई कोर्ट से स्टे लेकर आता है। अक्सर ऐसे मामलों में ये सामने आया है कि जब भी किसी इल्लीगल बिल्डिंग पर कार्यवाही के तौर पर निगम की ओर से डिमोलिशन नोटिस जारी किया गया है तो वह बिल्डिंग मालिक इस नोटिस के एवज में हाई कोर्ट से स्टे लेकर मामले को कानूनी पचड़े में डाल देता है। इस बार भी नगर निगम के अधिकारियों की भी जानकारी रही है लेकिन ये निर्माण राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, इसलिए ऐसा यह कदम गलत नहीं होगा कि नगर निगम ही उक्त बिल्डिंग मालिक को हाई कोर्ट जाने का मौका दे रही है, ताकि वह स्टे ले सके। नगर निगम ज़ोन बी बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी, इंस्पेक्टर और अब पूरी बिल्डिंग जांच पहले से इस बिल्डिंग को लेकर सवालों के घेरे में आ चुकी है। बिंद्रा कॉलोनी के निवासियों ने रविवार पिछले 40 दिनों से रोज़ाना रात को लेकिन इसी बीच यहां पर शटरिंग हुई, लैंटर डालने की सूचना दी और अब बीती रविवार देर रात लैंटर भी डाल दिया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार मुकेश गोयल राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली: देहरादून।** नेशनल वीआईपी प्रेस क्लब द्वारा नगर निगम,टाउन हाल, देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह एवं स्थापना दिवस समारोह में उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से आए लगभग 300 पत्रकारों, साहित्यकारों,समाजसेवियों, चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.रमेश पोखरियाल 'निशंक' रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बंशीधर तिवारी (महानिदेशक सूचना लोक जनसंपर्क विभाग उत्तराखंड सरकार),संरक्षक मोहतरम राव, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली,मेरठ से दैनिक हिंदू के संपादक मुकेश गोयल तथा एवं वरिष्ठ पत्रकार अरशद राणा मंचासीन रहे। मेरठ से आये वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक हिन्दू के सम्पादक मुकेश गोयल ने 'राष्ट्रीय गौरव सम्मान' से सम्मानित किये जाने के बाद अपने उद्बोधन में पत्रकारों को अपनी लेखनी पर संयम बरतने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि हमारा समाचार चाहें कितना भी प्रमाणिक हो लेकिन भाषा शैली में संयम का परिचय दिया जाना चाहिए।मुकेश गोयल एक लंबे समय से पत्रकारिता के माध्यम से समाज की कुरीतियों, समस्याओं उत्पीड़न, अत्याचार आदि मुद्दे को गंभीरता से उठते रहे है। यही कारण है कि पत्रकारिता क्षेत्र में उनकी एक खास पहचान है तथा इसके पहले भी पत्रकारिता क्षेत्र में उनकी निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता के कारण उन्हें कई बार सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ हैं।

## दिल्ली में बस एक कॉल पर होगी नालों की सफाई, CM रेखा गुप्ता का सख्त निर्देश

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को जलभराव मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य कर रही है। अब तक 3.4 मिलियन टन से अधिक गाद निकाली जा चुकी है। साथ ही 311 एप के माध्यम से नागरिकों को भी इस अभियान का भागीदार बनाया गया है, ताकि किसी भी नाले की सफाई से जुड़ी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपने आसपास नालों की सफाई को लेकर कोई शिकायत हो तो इस एप पर शिकायत कर सकते हैं। पिछले वर्ष नालों की सही तरह से सफाई होने के कारण मिंटो ब्रिज नहीं डूबा था। इस वर्ष भी मिंटो ब्रिज में जल भराव नहीं होगा अन्य स्थानों का भी ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर मानसून प्रबंधन वाली दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जिले में पीएसपीसीएल द्वारा बिजली बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कपूरथला-** नीचे लटकती बिजली की तारों को ऊंचा करना, खराब खंभों और मीटरों को बदलना, नए ट्रांसफार्मर लगाना तथा शहरी क्षेत्रों में वितरण प्रणाली को मजबूत करना शाम बिजली नेटवर्क को मजबूत करने, जन सुरक्षा में सुधार लाने और शहरी सौंदर्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा जिले भर में बिजली बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन और सौंदर्यीकरण के विभिन्न प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर आकाश बंसल ने बताया कि सौंदर्यीकरण योजना और अर्बन लोकल बॉडीज (यूएलबी) प्रोग्राम के तहत किए जा रहे इन कार्यों में नीचे लटकती बिजली की तारों की ऊंचाई बढ़ाना, क्षतिग्रस्त खंभों और मीटरों को बदलना, नए ट्रांसफार्मर लगाना तथा बिजली वितरण प्रणाली को अपग्रेड करना शामिल है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिले भर में सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत पुराने और असुरक्षित खंभों को बदलने, नए खंभे लगाने, पुराने मीटर बॉक्स बदलने, नई बिजली केबल बिछाने तथा यातायात में बाधा बनने वाले खंभों को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कदमों से न केवल बिजली स्पलाई की विश्वसनीयता में सुधार होगा, बल्कि लटकती तारों और खराब खंभों को हटाकर शहर के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार यूएलबी योजना के तहत बेगोवाल, भुलत्थ, नडाला, सुल्तानपुर लोधी और ढिलवां में भी बुनियादी ढांचे के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। कपूरथला जिले में कुल 52 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 47 ट्रांसफार्मर पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें भुलत्थ और बेगोवाल में 7, नडाला में 4, सुल्तानपुर लोधी में 5 तथा ढिलवां कस्बे में 4 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 41



मौजूदा ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है तथा कंडक्टरों सहित अन्य वितरण उपकरणों को भी उन्नत किया जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि नगर निगम ने कपूरथला शहर में रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों को बदलने के लिए पीएसपीसीएल के पास आवश्यक धनराशि जमा करवा दी है और यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है। डिप्टी कमिश्नर ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वे प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 01822-233777 पर संपर्क कर सकते हैं।

## S.S.P. डॉ. दर्पण अहलूवालिया की कड़ी कार्रवाई को लोगों का समर्थन

● **खन्ना, लुधियाना- रेलवे स्टेशन के पास टूटे क्वार्टर, युद्ध नशे के खिलाफ अभियान के तहत की गई कार्यवाही**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पंजाब सरकार के 'ड्रग्स पर जंग' अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए खन्ना पुलिस की लगातार कार्यवाही का लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा है। जिला पुलिस प्रमुख डॉ. दर्पण अहलूवालिया के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के निकट निर्जन खंडहर व खाली इमारतों पर पीला पंजा कराया गया। ये वे स्थान थे जिसमें लगातार शिकायत थी कि ड्रग्स और असामाजिक गानों का यातायात था। पुलिस और सिविल प्रशासन के बीच संयुक्त कार्रवाई के दौरान, इन खंडहरों को साफ किया गया और कई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया जो जनता के लिए चिंता का विषय थे। अधिकारियों का मानना है कि तस्करों के खिलाफ कार्रवाई न केवल दवाओं को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है, बल्कि उन जगहों को खत्म करना भी आवश्यक है जहां नशीली दवाओं के आदी इकट्ठा होते हैं और अवैध गतिविधियों में संलग्न होते हैं डीएसपी विनोद कुमार के नेतृत्व में इस कार्रवाई के बाद शहर के लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। कई लोगों का कहना है कि काफी समय से ये निर्जन इमारतें और खंडहर नशे की लत बन चुकी थीं। पुलिस की इस कड़ी कार्रवाई से अब लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि डॉ. दर्पण अहलूवालिया द्वारा जिले में धनुष उठाने के बाद नशे के खिलाफ अभियान को नई गति मिली है। लगातार न केवल ड्रग तस्करों पर केस दर्ज हो रहे हैं, बल्कि ड्रग सेंटरों को भी खत्म किया जा रहा है। यह कारण ड्रग ट्रैप को तोड़ने में मदद कर रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 'वॉर ऑन ड्रग्स' अभियान सिर्फ एक अभियान नहीं है, बल्कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए एक बड़ा जन आंदोलन है।

इसके तहत शहरों और गांवों के अन्य स्थानों की भी पहचान की गई है जहां नशेड़ियों के जमा होने की संभावना है। खन्ना वासियों ने पुलिस और प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा की है और उम्मीद जतायी है कि आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी। लोगों का मानना है कि अगर ड्रग स्टेशनों को जड़ से खत्म किया जाए तो पंजाब की युवा पीढ़ी इस बुराई से बच सकती है। खन्ना पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल कानून-व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# शकील अहमद बने दक्षिणी दिल्ली जिला सहकार भारती के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला सहकार भारती( RSS) के संगठन विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह ने शकील अहमद को जिले की टीम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है।जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि शकील अहमद एक ऊर्जावान सामाजिक कार्यकर्ता है, जो सहकार भारती की नीतियों, कार्यों एवं उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिले की टीम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शकील अहमद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेवारियों का हर संभव निर्वाह करेंगे।श्री अहमद ने सहकार भारती दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह को एक समर्पित समाजसेवी बताते हुए कहा कि सहकारिता के मूल्यों,संस्कारों एवं उद्देश्यों को वह जन-जन तक पहुंचने की योजना पर काम कर रहे हैं।सहकार भारती एक बहु आयामी संगठन है इसके बारे में आम लोगों को अवगत कराना बेहद जरूरी है।उन्होंने दक्षिण दिल्ली जिला अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह द्वारा अपनी टीम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वह हमेशा संगठन के साथ कम से कदम मिलाकर चलेंगे और संगठन के प्रचार प्रसार एवं विस्तार के लिए दिन-रात काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यादवेंद्र सिंह एक समर्पित ऊर्जावान सामाजिक कार्यकर्ता है उनमें जिला का नेतृत्व करने की भरपूर क्षमता है और उनके नेतृत्व में जिले में यह संगठन तेजी से अपना जनाधार विस्तार करेंगा।

## दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के पास झुग्गियों में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** सोमवार रात करीब 11:32 बजे तकिया काले खां गद्दा इलाके में पुरानी फर्नीचर, लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकालने में जुट गई। पीसीआर कॉल मिलने के तुरंत बाद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार, इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह, एसीपी जता शंकर और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। आग फैलने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके को खाली कराने का अभियान शुरू किया। कुछ स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद पुलिस टीम ने निरंतर प्रयासों से परिवार समेत 12 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने तुरंत फायर विभाग, बीएसईएस और डीडीएमए को सूचित किया। मौके पर 20 फायर टेंडर और 9 कैट्स एंबुलेंस पहुंचीं। तीन घंटे की लगातार मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। पुलिस और अन्य एजेंसियों की समन्वित और त्वरित कार्रवाई के कारण इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

# इमरान हाशमी की 5 साल बाद हॉरर फिल्म में वापसी

● **इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म रूह को लेकर खासे एक्साइटेड हैं क्योंकि इस जॉनर में वो पूरे पांच साल बाद वापसी कर रहे हैं. पढ़ें इस फिल्म में क्या है खास.**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** इमरान हाशमी अपने पसंदीदा और हिट जॉनर यानी कि हॉरर में वापसी कर रहे हैं. रूह नाम से इस फिल्म की एक झलक शेयर कर दी है और इमरान हाशमी एक जबरदस्त हॉरर फिल्म का वादा करते नजर आ रहे हैं. भारतीय सिनेमा में हॉरर जॉनर को एक नई पहचान देने और इस जॉनर के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक बनने के बाद इमरान हाशमी की 'रूह' में वापसी एक दर्शकों के लिए किसी विजुअल ट्रीट से कम नहीं है. यह एक हाई-कॉन्सेप्ट म्यूजिकल-हॉरर फिल्म है जिसे खास तौर पर थिएटर एक्सपीरियंस के लिए बनाया गया है। यह फिल्म 2027 में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. प्राइम वीडियो की मशहूर 'ब्रीद' फ्रैंचाइजी के क्रिएटर-डायरेक्टर मयंक शर्मा के डायरेक्शन में बनी 'रूह' नए जमाने के हॉरर, म्यूजिक और फीलिंग्स का एक अनोखा मिक्स है, जिसे एक रोंगटे खड़े कर देने वाले सिनेमाई एक्सपीरियंस के तौर पर तैयार किया गया है. साइकोलॉजिकल गहराई, माहौल बनाने और किरदारों पर आधारित कहानी कहने में माहिर मयंक, बड़े पर्दे के लिए बनी इस फिल्म में अपनी खास सोच और विजन लेकर आ रहे हैं। 'रूह' इमरान हाशमी को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जो उनके दिल के करीब है और उस तरह के सिनेमा से गहराई से जुड़ी है जिसके लिए दर्शक हमेशा उन्हें पसंद करते रहे हैं. फिल्म को मयंक शर्मा और विशाल कपूर (जो 'लपाछपी' और 'छोरी' के लिए जाने जाते हैं) ने लिखा है और इसे विक्रम खाखर और सनी खन्ना (विक्ड फिल्म्स प्रोडक्शंस) ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए इमरान हाशमी कहते हैं, ''रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा क्योंकि इसमें नए जमाने का हॉरर, फीलिंग्स और संगीत बहुत ही दमदार तरीके से एक साथ आते हैं. यह एक ऐसा जॉनर है जिससे दर्शक हमेशा मुझे




जोड़कर देखते रहे हैं, और मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत गहरी, भावनात्मक और सिनेमाई लगती है. 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा एक्साइट किया और मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक बड़े पर्दे पर इसको एक्सपीरियंस करें। ' फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर मयंक शर्मा कहते हैं, 'एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर जिसे हमेशा से हॉरर जॉनर पसंद रहा है 'रूह' एक ऐसी फिल्म बनाने की मेरी कोशिश है जो डर से कहीं आगे की चीज है. इसमें फीलिंग्स की कई परतें हैं, एक बेचैन कर देने वाला माहौल है और इसे आज के दौर के सिनेमाई अंदाज में पेश किया गया है. मैं इस गहरे और कई परतों वाले किरदार के लिए इमरान के साथ काम करने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं. मेरी पूरी टीम और मुझे उम्मीद है कि हम दर्शकों को हॉरर का एक सच में अनोखा और कभी न भूलने वाला अनुभव दे पाएंगे।'

## वैभव सूर्यवंशी ने क्यों चुना टीम इंडिया की जर्सी पर नंबर-3 ? किसके कहने पर लिया यह फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



वैभव सूर्यवंशी जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर आने वाले हैं. भारतीय टीम आयरलैं के खिलाफ दो मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी, भारतीय टीम आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे के लिए भी रवाना हो गई है. टीम के साथ वैभव सूर्यवंशी भी नजर आए. बता दें कि इससे पहले वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम की जर्सी भी दी गई जिसका वीडियो बीसीसीआई ने शेयर किया है. वीडियो में वैभव अपनी जर्सी को याद करके काफी भावुक नजर आए हैं।

**थ्रोडाउन रघु के छुए पैर**

वीडियो में देखा जा सकता है कि भारत के थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु अपने साथ वैभव सूर्यवंशी के लिए टीम की जर्सी लेकर आए. दरवाजे पर जैसे ही वैभव ने थ्रोडाउन रघु को देखा तो उन्होंने उनके पैर छूए और आशिर्वाद लिया . इसके बाद 15 साल के वैभव ने टीम इंडिया की जर्सी बक्से से निकाली. टीम इंडिया की जर्सी पर अपना नाम देखकर वैभव इमोशनल नजर आए. लेकिन एक बात ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. दरअसल, वैभव की टीम इंडिया वाली जर्सी का नंबर 3 था. ऐसे में सभी फैन्स यह जानने को लेकर उत्सुक हो गए कि आखिर वैभव की जर्सी का का नंबर 3 कनेक्शन क्या है। बता दें कि वैभव एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो आने वाले समय में इतिहास बनाएंगे. वह भी उन खिलाड़ियों की कतार में शामिल हो सकते हैं जिस कतार में कपिल देव, सचिन तेंदुलकर और विराट जैसे दिग्गज मौजूद हैं. इन खिलाड़ियों की जर्सी का नंबर आज भी फैन्स को याद है. सचिन तेंदुलकर के नंबर 10, विराट के 18 और रोहित के 45 की तरह वैभव का 3 भी अब प्रशंसक याद रखेंगे।

**वैभव सूर्यवंशी की टीम इंडिया की जर्सी पर नंबर-3 क्यों!**

दरसअल, जब वैभव ने अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत की थी तो उनकी जर्सी का नंबर 12 था. रिपोर्ट्स के अनुसार वैभव की मां ने ही वैभव को नंबर 3 जर्सी पर रखने की सलाह दी है. दरअसल, उनकी मां ने यह सुझाव दिया कि 12 के अंकों (1 + 2) को जोड़ने पर 3 आता है. ऐसे में सीधे सिंगल डिजिट 3 वाली जर्सी पहनने की सलाह दी, जिसे उन्होंने अपना लिया और इसे अपना लकी नंबर बना लिया. बता दें कि वैभव ने ये बात राइजिंग स्टार्स एशिया कप के दौरान जर्सी नंबर-3 के बारे में जब उनसे सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए इस सवाल का जवाब दिया था.

**आईपीएल में पहनते हैं 12 नंबर की जर्सी**

बता दें कि राजस्थान रॉयल्स के लिए वैभव 12 नंबर की जर्सी पहनते हैं, दोनों अंकों को जोड़ने पर 3 बनता है. ऐसे में जब भारत के लिए जर्सी पहनने की बात आई तो वैभव ने अपनी जर्सी पर नंबर 3 लिखवाया.

**18 नंबर की जर्सी भी पहन चुके हैं**

साल 2025 में वैभव ने जब भारत अंडर 19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए थे तो वहां, होव के काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड 19 के खिलाफ यूथ वनडे मैच में भारत 19 के लिए अपना डेब्यू करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने 18 नंबर की जर्सी पहनी थी. जिसकी काफी चर्चा हुई थी. उस मैच में उनकी जर्सी के पीछे नंबर 18 लिखा था, 18 नंबर की जर्सी कोहली भी पहनते हैं इसलिए यह चर्चा जोर पकड़ी थी।